दैनिक
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 04
अंकः-166
मुरादाबाद
(Sunday)
06 October 2024
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

# क्यूँ न लिखूँ सच

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## चतुर्थ नवरात्रि

### कूष्माण्डा

सुरासम्पूर्णकलशं
रूधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां
कूष्माण्डा
शुभदास्तुमे।।




माता दुर्गा के चौथे स्वरूप का नाम कूष्माण्डा है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कूष्माण्डा पड़ा। नवरात्रों में चौथे दिन कूष्माण्डा देवी के स्वरूप की उपासना की जाती है। इस दिन साधक का मन अनाहज चक्र में स्थित होता है। अतः पवित्र मन से पूजा-उपासना के कार्य में लगना चाहिए। मां की उपासना मनुष्य को स्वाभाविक रूप से भवसागर से पार उतारने के लिए सुगम और श्रेयस्कर मार्ग है। माता कूष्माण्डा की उपासना मनुष्य को आधिव्याधियों से विमुक्त करके उसे सुख, समृद्धि और उन्नति की ओर ले जाती है। अतः अपनी लौकिक, परलौकिक उन्नति चाहने वालों को कूष्माण्डा की उपासना में हमेशा तत्पर रहना चाहिए।

## पीएम मोदी ने वाशिम में बंजारा विरासत संग्रहालय का किया उद्घाटन; पारंपरिक ढोल बजाते आए नजर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाराष्ट्र के एक दिवसीय दौरे पर हैं। आज सुबह पीएम मोदी नांदेड़ एयरपोर्ट पर पहुंचे, जहां भाजपा नेता अशोक चह्वाण ने उनका स्वागत किया।

यहां से उन्होंने हेलीकॉप्टर से पोहरादेवी के लिए उड़ान भरी। वाशिम जिले के पोहरादेवी में जगदंबा माता मंदिर में पीएम मोदी ने पूजा अर्चना की और पारंपरिक ढोल पर हाथ भी आजमाया। पीएम मोदी ने संत सेवालाल महाराज और पोहरादेवी में संत रामराव महाराज की समाधि पर श्रद्धांजलि भी अर्पित की। इसके बाद उन्होंने बंजारा विरासत म्यूजियम का उद्घाटन किया और बंजारा समुदाय की



समृद्ध विरासत के जश्न में शामिल भी हुए। वाशिम के बाद पीएम मोदी ठाणे और मुंबई का भी दौरा करेंगे, जहां वे विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

## डॉक्टर्स ने बंगाल सरकार को दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम, आमरण अनशन शुरू करने की दी चेतावनी

प्रदर्शनकारी डॉक्टर्स का कहना है कि %जब आप किसी कारण के लिए लड़ाई लड़ते हैं तो आप ये उम्मीद नहीं कर सकते कि चीजें आसान होंगी। हालांकि हमने उम्मीद की थी कि हमारे साथ राज्य सरकार की तरफ से अच्छा व्यवहार होगा। पुलिस द्वारा किया गया लाठीचार्ज और अपशब्द कहना, दोनों ही गलत हैं। हम उनसे माफी की मांग करते हैं।%जूनियर डॉक्टर्स ने अपनी पूरी तरह से काम रोकों हड़ताल को वापस लेने का फैसला किया है, लेकिन इसके बावजूद डॉक्टर्स ने अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा है। दरअसल शुक्रवार को कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल में डॉक्टर्स एक रैली निकाल रहे थे। इस दौरान पुलिस ने डॉक्टर्स की रैली पर लाठीचार्ज किया। पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किए जाने से डॉक्टर्स में नाराजगी है। बारिश के बावजूद डॉक्टर्स का विरोध प्रदर्शन जारी है। डॉक्टर्स एल्पालांडे इलाके में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारी छाता लेकर तो कुछ पॉलीथीन के शेड के नीचे छिपे दिखाई दिए।प्रदर्शनकारी डॉक्टर्स ने दी आमरण अनशन शुरू करने की धमकी- डॉक्टर्स ने इससे पहले पूरी तरह से काम रोकने का एलान किया था, लेकिन शुक्रवार को रात करीब साढ़े आठ बजे उन्होंने पूरी तरह से काम रोकने की हड़ताल वापस लेने का फैसला किया। डॉक्टर्स ने बंगाल सरकार को 24 घंटे




का अल्टीमेटम दिया है और मांग की है कि या तो सरकार उनकी मांगे मान ले या फिर वह आमरण अनशन शुरू कर देंगे। डॉक्टर्स ने प्रदर्शन स्थल पर एक बड़ी सी घड़ी भी लगाई है ताकि समय की पाबंदी पर ध्यान रखा जा सके। प्रदर्शनकारी डॉक्टर्स का कहना है कि जब आप किसी कारण के लिए लड़ाई लड़ते हैं तो आप ये उम्मीद नहीं कर सकते कि चीजें आसान होंगी। हालांकि हमने उम्मीद की थी कि हमारे साथ राज्य सरकार की तरफ से अच्छा व्यवहार होगा। पुलिस द्वारा किया गया लाठीचार्ज और अपशब्द कहना, दोनों ही गलत हैं। हम उनसे माफी की मांग करते हैं। डॉक्टर्स की चेतावनी- राज्य सरकार के लिए वक्त तेजी से बीत रहा है विरोध प्रदर्शन में आरजी कर मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर्स के अलावा कई अन्य अस्पतालों के भी डॉक्टर्स शामिल हैं। एक प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टर ने कहा कि अब समय आ गया है, जब राज्य सरकार जवाब दे और ये दिखाए कि वे इस मुद्दे को सुलझाने के लिए इच्छुक है। वक्त तेजी से बीत रहा है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि मृतक महिला चिकित्सक को न्याय दिलाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।प्रदर्शनकारी डॉक्टर्स की राज्य सरकार से हैं ये मांगें-प्रदर्शनकारी डॉक्टर्स ने सरकार से जो मांगे की हैं, उनमें राज्य के स्वास्थ्य सचिव एनएस निगम को तत्काल पद से हटाने की मांग और स्वास्थ्य विभाग में कथित प्रशासनिक अक्षमता और भ्रष्टाचार को लेकर जवाबदेही की मांग की गई है। साथ ही राज्य के सभी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों के लिए एक केंद्रीकृत रेफरल प्रणाली की स्थापना, बेड रिक्ति की निगरानी करने वाली प्रणाली और कार्यस्थलों पर सीसीटीवी, ऑन कॉल रूम और वॉशरूम के लिए जरूरी प्रावधान सुनिश्चित करने के लिए टास्क फोर्स गठित करने की मांग शामिल है। इनके अलावा डॉक्टर्स अस्पतालों में पुलिस सुरक्षा बढ़ाने, स्थायी महिला पुलिसकर्मियों की भर्ती करने और डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के रिक्त पदों को तेजी से भरने की मांग कर रहे हैं।डॉक्टर्स राज्य के हर मेडिकल कॉलेज में छात्र परिषदों के चुनाव तुरंत कराए जाने और सभी कॉलेजों को रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ( आरडीए ) को मान्यता देने की भी मांग कर रहे हैं। साथ ही मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों का प्रबंधन करने वाली सभी समितियों में छात्रों और जूनियर डॉक्टरों का निर्वाचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की भी मांग की है। जूनियर डॉक्टर्स पश्चिम बंगाल मेडिकल काउंसिल ( डब्ल्यूबीएमसी ) और पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य भर्ती बोर्ड ( डब्ल्यूबीएचआरबी ) के भीतर कथित भ्रष्टाचार और अराजकता की तत्काल जांच की भी मांग कर रहे हैं।

## मुख्यमंत्री योगी का पुलिसकर्मियों को तोहफा, मिलेगा ई-पेंशन प्रणाली का लाभ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिपाही भर्ती परीक्षा का परिणाम इस माह के अंत तक जारी करने और रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश भी दिए।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिसकर्मियों को ई-पेंशन प्रणाली से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। इससे सभी पुलिसकर्मी मानव संपदा पोर्टल से जुड़ जाएंगे। उन्होंने हर पुलिसकर्मी को समय पर पदोन्नति देने, चरित्र पंजिका पर सही विवरण अंकित करने, योग्यता के मुताबिक तैनाती देने और सेवानिवृत्ति पर देयकों का भुगतान समय से करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने सिपाही भर्ती परीक्षा का परिणाम इस माह के अंत तक जारी करने और




रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश भी दिए। सीएम ने शुक्रवार को अपने आवास पर एडीजी स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक में सभी से उनके कार्यों, नवाचारों और उपलब्धियों के बारे में जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि कार्मिक और स्थापना इकाई के पास हर अधिकारी के अच्छे कार्यों और गलतियों का ब्यौरा होना चाहिए। पुलिसकर्मियों को आधुनिक उपकरण दें और प्रशिक्षण की व्यवस्था को बेहतर बनाएं। सभी का लक्ष्य बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखना है। कोई फाइल 3 दिन से अधिक लंबित न हो। कोई समस्या हो तो डीजीपी कार्यालय, गृह विभाग अथवा सीधे मुझसे मिल सकते हैं। प्रक्रिया को सावधानी से पूरा करें।सीएम ने कहा कि शारीरिक दक्षता परीक्षा के नियम व्यावहारिक होने चाहिए। मृतक आश्रितों के प्रकरण में आश्रित की आयु को ध्यान में रखते हुए नियमों में बदलाव पर विचार करें और इन प्रकरणों का तय समय सीमा में निस्तारण करें। जिलों में साइबर क्राइम थाने की स्थापना में देर न हो। केंद्र सरकार के साइबर फोरेंसिक लैब की स्थापना के प्रस्ताव के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करें। राजधानी के स्टेट फोरेंसिक साइंस इंस्टीट्यूट को साधन-संपन्न बनाने के लिए सरकार हर सहयोग देगी। रेलवे ट्रैक पर रहे पैनी नजर- सीएम ने कहा कि हाल के दिनों में रेलवे ट्रैक पर सिलेंडर, रॉड आदि चीजें मिली हैं। पत्थर फेंकने की घटनाएं भी हुई हैं। लिहाजा जीआरपी, आरपीएफ, रेलवे प्रशासन और सिविल पुलिस को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। लोकल इंटेलिजेंस को और मजबूत करें। वीआईपी सुरक्षा में युवाओं को दें तरजीह- सीएम ने कहा कि वीआईपी सुरक्षा में तैनात पुलिस बल का स्वास्थ्य परीक्षण कराएं। तैनाती में युवाओं को वरीयता दें और आदर्श आचरण के लिए काउंसिलिंग कराएं। वर्तमान में 10 एयरपोर्ट की सुरक्षा यूपीएसएसएफ कर रही है, जिसके जवानों का शूटिंग परीक्षण भी कराया जाए। कमांडो ट्रेनिंग और बेहतर करने की आवश्यकता है। ऊर्जावान युवाओं को प्रशिक्षण के लिए प्रोत्साहित करें। सीएम ने कहा कि शहरों में ट्रैफिक जाम बड़ी समस्या बना है। इसके समाधान का प्रयास करें। सुरक्षा के लिहाज से ई-रिक्शा चलाने वालों का सत्यापन कराएं। नाबालिग ई-रिक्शा न चलाएं, यह सुनिश्चित करें।

## कोल्हापुर में राहुल गांधी ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया, बोले- देश सभी का

हरियाणा के बाद अब राहुल गांधी ने मिशन महाराष्ट्र की तैयारी शुरू कर दी है। महाराष्ट्र में भी इसी साल के अंत में विधानसभा चुनाव होना है। माना जा रहा है कि राहुल गांधी के महाराष्ट्र दौरे से कांग्रेस का चुनावी अभियान भी शुरू हो जाएगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार को महाराष्ट्र के कोल्हापुर पहुंचे। कोल्हापुर में राहुल गांधी ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया। इसके बाद राहुल गांधी ने अपने संबोधन में मालवन में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहने को लेकर भाजपा की तीखी



आलोचना की। उन्होंने कहा कि %लोगों को डराने और नष्ट करने के बाद शिवाजी महाराज के सामने झुकने का कोई फायदा नहीं है। अगर छत्रपति शिवाजी महाराज और शाहू महाराज जैसे लोग नहीं होते तो संविधान नहीं होता।% राहुल गांधी ने कहा कि %भारतीय संविधान शिवाजी महाराज के विचारों का प्रकटीकरण है। छत्रपति शिवाजी महाराज का दुनिया को संदेश था कि देश सभी का है।%इससे पहले राहुल गांधी का कोल्हापुर हवाईअड्डे पहुंचने पर पार्टी नेताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। सबसे पहले वह सुबह राजर्षि शाहू समाधि स्थल पर गए। इसके बाद उन्होंने बवाडा के भगवा चौक पर बनी छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा का अनावरण किया और संविधान सम्मान के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस बैठक में एक हजार से ज्यादा आमंत्रित लोग शामिल हुए, इसमें सभी धर्मावलंबियों के साथ-साथ विभिन्न गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि भी भाग लिया।हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार खत्म हो चुका है। आज हरियाणा की 90 सीटों पर मतदान होगा। हरियाणा के बाद अब राहुल गांधी ने मिशन महाराष्ट्र की तैयारी शुरू कर दी है। महाराष्ट्र में भी इसी साल के अंत में विधानसभा चुनाव होना है। माना जा रहा है कि राहुल गांधी के महाराष्ट्र दौरे से कांग्रेस का चुनावी अभियान भी शुरू हो जाएगा।

## मासूम बेटियों की हत्या करना मेरी गलती थी... अमेठी हत्याकांड के आरोपी चंदन वर्मा ने दिया बयान

अमेठी हत्याकांड के आरोपी चंदन वर्मा ने हत्याकांड को लेकर मीडिया को बयान दिया है। दो मासूम बच्चियों की हत्या पर उसने कहा कि हमसे गलती हो गई। अमेठी के शिवरतनगंज थाना क्षेत्र में एक शिक्षक, उसकी पत्नी व दो बेटियों की हत्या के आरोपी चंदन वर्मा का अमेठी के गौरीगंज के अस्पताल में एक्सरे किया गया। शनिवार सुबह वह पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया था। गिरफ्तारी के बाद उसने दरोगा की पिस्तौल छीन पर पुलिस टीम पर फायरिंग की थी जिस पर जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया। एक्सरे के लिए आए हत्यारोपी चंदन ने मीडिया से बातचीत में उससे पूछा गया कि उसने मासूम बच्चों को क्यों मार दिया, तो बोला हमसे गलती हो गई।दरोगा ने दरोगा से पिस्तौल छीनकर फायरिंग से पिस्टल छीनने की धारा बढ़ाई गई पुलिस कस्टडी में आरोपी है। अमेठी में दर्ज दोनों मुकदमों में मामले में पुलिस ने धारा 109 बीएस में एफआईआर दर्ज की में सीओ तिलोई आरोपी को पेश कर पुलिस चंदन वर्मा को रिमांड पर लेगी। रायबरेली न्यायालय थाना में चंदन पर दो मुकदमे दर्ज है। 14 दिन की रिमांड की मांग करेंगे। मोहनगंज और शिवरतनगंज सामूहिक हत्याकांड में साक्ष्य संकलन के लिए पुलिस रिमांड



पर लेकर आरोपी से पूछताछ करेगी। इसके पहले आरोपी चंदन को अमेठी के गौरीगंज अस्पताल में एक्सरे के लिए लाया गया था। इस दौरान अस्पताल के आसपास भारी पुलिसबल की तैनाती रही। कंपोजिट स्कूल के शिक्षक, उनकी पत्नी और दो बेटियों के हत्यारोपी चंदन वर्मा को एसटीएफ ने शुक्रवार देर रात लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे से गिरफ्तार किया। आरोपी के पास एसटीएफ ने घटना में प्रयुक्त पिस्टल व बाइक बरामद की। आरोपी ने घटना अंजाम देना स्वीकार किया है। उसका शिक्षक की पत्नी से प्रेम प्रसंग था। इसीलिए उसने पूरे परिवार की हत्या कर दी। एसटीएफ के सीओ ने बताया कि रायबरेली जिले के गदागंज थाना क्षेत्र के सुदामापुर गांव निवासी शिक्षक सुनील कुमार और उनकी पत्नी पूनम भारती, बेटी सृष्टि व लाडो की बृहस्पतिवार देर शाम शिवरतनगंज क्षेत्र के अहोरवा भवानी कस्बे में किराए मकान में गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी। मामले में शिक्षक के पिता रामगोपाल ने रायबरेली कोतवाली क्षेत्र के तेलियाकोट निवासी चंदन वर्मा को नामजद किया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। लेकिन पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई। शुक्रवार देर रात पता चला कि एसटीएफ ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पहले पुलिस अफसरों गिरफ्तारी को लेकर चुप्पी साधे रहे, लेकिन देर रात बताया कि एसटीएफ ने उसे पकड़ लिया है। चंदन ने एसटीएफ को बताया कि उसके शिक्षक की पत्नी पूनम उसकी प्रेमिका थी। जब उससे मेरे रिश्ते बिगड़ गए तो उसके पूरे परिवार की हत्या कर दी।

## संपादकीय Editorial

# Repeated parole

Dera Sacha Sauda chief Gurmeet Ram Rahim has come out of jail again. He has been released on a 20-day parole just before the Haryana elections. This is the 15th time in four years that he has been given the opportunity to come out of jail on parole. There is no emergency, no contingency and no one is dying, but parole has been granted on the basis of some 'family matter'. What is that family matter? Do Babas also have family matters? Though it is pseudo, Ram Rahim is revered by millions of devotees, an object of faith, but he is convicted of heinous crimes like raping minor nuns and killing a journalist. He has been sentenced to 20 long years in one case and life imprisonment in another case. Of course, parole is a situational right of a convicted prisoner and furlough has been termed as a 'reward' in the prison documents and rules. Whenever police and jail reforms are mentioned, keeping the prisoner out of jail as much as possible is considered 'reformative'. This will improve the behaviour and mentality of the prisoner and he will be more social. In those reforms, 'furlough' is considered a reward that the jail administration can give to a prisoner. However, the period of furlough is fixed in different states. The alternative to furlough is parole. Anyway, it is a coincidence or an experiment that Ram Rahim has been given parole or furlough only during Lok Sabha, Assembly, Municipality or Panchayat elections. Of course, he is an influential person and the Dera has innumerable devotees and followers in states like Punjab, Haryana, Himachal, Western UP and Rajasthan, so any call or appeal of the Dera chief has a wide impact on the devotees. Although the elections are not affected in this proportion, but political parties definitely benefit. Now that Ram Rahim has been released on parole, one essential condition is that he will not take part in election activities. He will not issue any appeal in favour of any party or candidate in particular. Is there any legal vigil on these conditions? Ram Rahim is present in the ashram in Barnawa, Baghpat, UP. As soon as he came out of jail, the information committees of the Dera have ordered the followers of Haryana to hold a block level 'Namcharcha' on October 3. It is believed that there may be indications of support from the Dera to any party. If the followers of Haryana gather in the Dera, then discussion of elections is also possible. The Chief Election Officer of Haryana, the jail administration and the state government have approved Ram Rahim's parole and at present all are 'BJP supporters'. In the last 10 years of rule also, BJP has been kind to Ram Rahim, it is obvious that a lot can be publicized in the Dera in favor of BJP. Of course, this publicity should not be made public from Ram Rahim's mouth! Actually, parole or furlough should be emergency. For example, if someone has died in the family or someone is getting married or someone is seriously ill, then parole can be given on that basis. It is important to reiterate in this context that in February, after hearing the arguments of the Shiromani Gurdwara Parbandhak Committee against the 50-day parole, the Punjab-Haryana High Court had ruled that parole would not be granted without the consent of the court. When the hearing of the case was completed in August, the High Court also lifted that condition of parole. In fact, the decisions of parole or furlough have also been questionable. Recall the cases of Bibi Jagir Kaur or Manu Sharma (Jessica murder case) or the rapist son of the former Director General of Police of Odisha, who fled during parole, so in 2023 the Supreme Court directed that the parole days of influential people who keep coming out of jail repeatedly under parole should be kept separate from the period of their sentence.

# Self-interest dominates the spirit of service, the deepening problem of climate change

Imagine that if environmental education had been made a compulsory and independent subject 20 years ago, then today a generation of youth would have been working in the country's administration, who would have had faith in protecting the environment in their minds. It is possible that one of them would have taken the problem of Delhi as a challenge and would have put in all his effort to solve it and would have been successful. Renowned Buddhist thinker Thich Nhat Hanh had said on the deepening problem of climate change that if we continue on the same path on which we are walking at present, then certainly the destruction of mankind will happen before our estimates. Those who understand the situation of climate change and are familiar with the facts cannot disagree with this. It is surprising when the people in power across the world also talk about changing the current path and also discuss many measures, but no practical change takes place on the ground. The most recent example of this is the terrible problem of air pollution in Delhi. Every year the same promises, the same angry decisions of the court and the responsible persons constantly showing their diligence have become the fate of Delhi. However, this problem is not just of Delhi, it is nationwide, global. About twenty years ago, there was a possibility in which the new generation of India could be prepared to deal



with environmental pollution, but it fell prey to politics. In fact, the Supreme Court had directed NCERT in December 2003 to prepare a curriculum for classes 1 to 12 to teach environmental education as a separate subject, which the institution presented before the court in March 2004. The court sent it to all the state governments. It was a matter of great satisfaction at the national level that all the state governments accepted that curriculum. Along with this, they talked about making environmental education a separate independent subject by making necessary changes in the structure of their school education. A new government came to power at the Centre in May 2004. Since the above decision was the result of the efforts of the previous government, it did not implement that decision. When there is a lack of foresight at the policy-making level, then many such decisions are taken, whose basis is not educational or academic, but is hidden somewhere in the continuous conflict of political ideologies. Imagine that if environmental education had been made a compulsory and independent subject 20 years ago, then today such a generation of youth would have been working in the administration of the country, in whose minds faith in environmental protection would have been born. It is possible that one of them would have considered the problem of Delhi as a challenge and would have put in all his efforts to solve it and would have been successful. The successes that were achieved in cities like Indore and Surat regarding cleanliness and these cities were appreciated all over the country, behind that too there was an enthusiastic, studious and foresighted personality. Common people have now understood that if a responsible person sincerely wants to solve a problem, then he can find ways and can also get a solution. The first requirement for this is that he will have to move forward by making public service the aim of his life instead of his family and career. Democracy says that the elected public representatives who will be appointed to constitutional posts will reach there only because of public service and after that they will completely dedicate their all for it. This is what great men like Gandhi, Subhash Chandra Bose, Dr. Rajendra Prasad, Acharya Kripalani had expected from the public representatives who provide leadership in independent India. It is sad that their expectations have been completely rejected under the half-baked understanding of the current political and party ideological commitments. In every area where the life of the common man is affected, the selfishness of those who can take decisions only creates painful situations for the person. Big projects for public welfare are not able to achieve their goals due to this reason. If we take the health sector of the country as an example, then despite the announcement of many government schemes, even today the condition of government hospitals has not become convenient for the common man. The condition of rural health centers is even more worrying. The doctors appointed in them go only one or two days a week, their senior officers know all this, but do not know why they do not feel the need to take any action. Ultimately people accept this situation as unchangeable. In the report of Justice JS Verma Committee of 2013, it was told that 10 thousand teacher training institutes in the country are only doing business, they have no interest in the quality of training and they are selling degrees. This statement has also been included in the New Education Policy-2020 and the need for deep reforms in teacher training has been accepted. The repetition of the words of Justice JS Verma Committee in the education policy makes it clear that the degree selling institutes continued their work in the meantime. This is a perfect example of systemic inaction and distraction at the national level. There is no dearth of such examples in the country. It is clear that the desired change in the life of the common man will happen only when the enlightened class of the country will come forward to fulfill its responsibility and the government system will give priority to honesty, diligence and service spirit.

# Waiting for reform in the United Nations, institutions have become incapable

The US has also been apprehensive about India's opportunistic diplomacy beyond campism. The latest example of this is India's non-participation in economic sanctions against Russia and its abstention from resolutions condemning the Russian attack on Ukraine. Therefore, it is not certain that it will also support giving India permanent membership with veto power. United Nations Secretary-General Antonio Guterres said in his opening speech at the Future Summit, "The world is caught in a storm. We are facing unprecedented challenges that require global solutions." Earlier he had said, "Institutions like the Security Council have become completely irrelevant, incapable and incapable today. Global challenges cannot be dealt with without reforming them." US President Joe Biden said, "Instead of getting frustrated, we should unite and face the challenges. For this, the United Nations needs to be made more capable, effective and inclusive. That is why we support reforming and expanding the Security Council." Prime Minister Modi, while highlighting the importance of reform in global institutions, had said, 'Reforms are the key to remaining relevant. The success of man lies in his organized strength, not in the battlefield.' These statements indicate that a consensus has been reached for reform and expansion of the Security Council. South African President Ramaphosa also demanded reform in the Security Council and giving a permanent seat to Africa. Secretary General Guterres has admitted that there has been a consensus on giving Africa a permanent seat in the Security Council, but there is no consensus on what should be the process of reform and expansion and when it should start. No one from Latin America has any objection to giving permanent membership to Brazil. The issue is of Asia, which has two-thirds of the world's population and almost half the economy, which is represented by China alone. Europe has three seats of Russia, France and Britain. Therefore, some countries suggest that at least one of these three countries should give up its veto right and seat. Despite the world's strategic and economic equations having completely changed in the eight decades since the establishment of the United Nations, none of the five permanent members with veto power is ready to give up its veto power and permanent seat. There is a consensus on increasing the number of permanent members, but China is not willing to increase the number of members with veto power, especially from Asia where it suspects both the contenders for permanent membership, India and Japan, for different reasons. It is an irony of time that the same China, which India had taken the initiative in recognising and refused to accept its permanent seat in the Security Council as a matter of principle, is today coming in the way of India's permanent membership. Apart from China, India's other neighbouring countries also keep making the path to permanent membership difficult by raising fair and unfair questions on the election process, judicial process, constitutional institutions and human rights. America has also been apprehensive about India's opportunistic diplomacy beyond factionalism. The latest example of this is India not joining the economic sanctions against Russia and staying away from the resolutions condemning the Russian attack on Ukraine. Therefore, it is not certain that it will support giving permanent membership to India with veto rights. Permanent membership of the Security Council without veto rights will not achieve anything except the helplessness of being a spectator to unfair decisions. Therefore, India is not interested in such membership. Either all should give up their veto rights, which is less likely, or new members should also be included with veto rights, so that if they cannot stop violations of the United Nations Charter by ignoring the rules like the Russian attack on Ukraine, then at least they can stop controversial actions like the attack on Iraq in the name of the United Nations. The helplessness of the United Nations in protecting the integrity and sovereignty of Ukraine and the existence of Palestinians shows how incompetent and incapable its institutions have become. To restore the global order, not just nominal reforms are needed, but effective reforms that can stop arbitrariness are needed.

## अंबेडकर पार्क रिक्शा स्टैंड के सामने भाजपा कार्यकर्ताओं ने सदस्यता अभियान कैंप लगाया

क्यूँ न लिखूँ सच -एन.राज शर्मा

मुरादाबाद/अमरोहा - नगर बछरायूं के अंबेडकर पार्क रिक्शा स्टैंड के सामने भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान कैंप लगाया जिसमे नगर व नगर से गुजर रहे लोगों को




सदस्यता ग्रहण कराई और भाजपा परिवार में शामिल किया मंडल अध्यक्ष भाजपा रोहित आर्य जी ने बताया ये कैंप संघटन के निर्देश अनुसार लोगों को भाजपा से जोड़ने व सदस्य बनकर जनता का विश्वास भाजपा प्रति स्नेह प्रेम प्रदर्शित करता है नगर के लोगो ने मन से सदस्यता ग्रहण की ओर भारतीय जनता पार्टी के नारे भी लगाए भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है जिसमे लोगो स्वयं की इच्छा से जुड़ना चाहता हे इस बीच मंडल बछरायूं में कुआ खेड़ा में भी कैंप लगाकर लोगों को सदस्यता अभियान के अंतर्गत सद्स्यता दिलाई इस कैंप में भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी शुभम शर्मा शेख चिरागुद्दीन  मनोज बेसनोईवाल अरुण रस्तोगी सुरेश सैनी जितेंद्र सैनी सुभाष सिंह अंकुर अग्रवाल मोहमद हुसैन रोमित सागर मुकेश सिंह वीरेंद्र सिंह चंद्रपाल सिंह अमजद वारसी प्रदीप सिंह राजपाल सिंह पवन कुमार रामकिशोर आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहें

## होटल में युवती से दुष्कर्म: बिगड़ गई पीड़िता की हालत.. आईसीयू में भर्ती, वीडियो बना ब्लैकमेल किया, चार पर केस

मुरादाबाद- कटघर थाना क्षेत्र के होटल में युवक ने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर युवती से दुष्कर्म किया। गर्भवती होने पर आरोपी ने महिला डॉक्टर से उसका गर्भपात करा दिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई और उसे आईसीयू में भर्ती कराया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी तुषार को गिरफ्तार कर लिया है। कटघर थाना क्षेत्र के होटल में एक युवक ने युवती को कोल्ड ड्रिंक पिलाकर बेहोश कर दिया। इसके बाद आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और मोबाइल से उसकी वीडियो भी बना ली, जिसके जरिए आरोपी ने पीड़िता को ब्लैकमेल किया। पीड़िता के गर्भवती होने पर उसे एक महिला डॉक्टर के पास ले गया और गर्भपात करा दिया।हालत बिगड़ने से पीड़िता शहर के अस्पताल के आईसीयू में भर्ती है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मझोला थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी महिला ने कटघर थाने में दिए तहरीर में बताया कि उसकी बेटी प्रभात मार्केट क्षेत्र में कंप्यूटर सेंटर पर कंप्यूटर कोर्स कर रही है।यहां इंद्रा कॉलोनी निवासी तुषार उर्फ कार्तिक ठाकुर भी कंप्यूटर कोर्स कर रहा है। आरोपी ने महिला की बेटी से दोस्ती कर ली। एक दिन आरोपी पीड़िता की बेटी को खाना खिलाने होटल में ले गया, यहां आरोपी ने कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे पिला दिया। इसके बाद पीड़िता बेहोश हो गई। आरोपी ने युवती के साथ दुष्कर्म किया और मोबाइल से वीडियो भी बना ली। इस दौरान युवती गर्भवती हो गई। 16 सितंबर को तुषार अपनी मां, दोस्त ललित कुमार और एक अन्य के साथ पीड़िता को कटघर क्षेत्र में एक महिला डॉक्टर के पास ले गया।  यहां पीड़िता का गर्भपात करा दिया गया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। इसके बाद आरोपी अपने दोस्तों की मदद से पीड़िता को उसके घर छोड़ गया। पीड़िता की हालत देखकर उसकी मां के होश उड़ गए। पीड़िता को शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता की मां का कहना है कि युवती को आईसीयू में भर्ती कराया गया है। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है। एक आरोपी तुषार को गिरफ्तार कर लिया गया है।  छह माह से पीड़िता को ब्लैकमेल कर रहा था आरोपी, आईसीयू में भर्ती है

## राम सिंह बौद्ध का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड: 1400 रेडियो का अनोखा संग्रहालय, अमिताभ बच्चन की 'कुली' से यह कनेक्शन

मुरादाबाद- राम सिंह बौद्ध ने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है। उनके पास 1400 ऐतिहासिक रेडियो हैं। उनके संग्रह में दूसरे विश्व युद्ध के समय और अमिताभ बच्चन के फिल्म कुली में इस्तेमाल किया गया रेडियो भी शामिल है। बौद्ध का यह अनोखा संग्रहालय रेडियो के इतिहास को संजोने के साथ उनके जुनून को दर्शाता है। गजरौला के नाईपुरा के बुद्धनगर मोहल्ला निवासी रामसिंह बौद्ध ने यूं ही नहीं गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम शामिल कराया। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत से लेकर दूसरे विश्व युद्ध तक के रेडियो को संग्रहालय में संजोकर रखा है। जर्मनी की नामचीन कंपनी युटुब से लेकर शार्प तक के रेडियो शामिल के दौर के दो रेडियो भी हैं। जिनका उपयोग यूएस मिलट्री नहीं एक रेडियो ऐसा भी है, जो 1948 के दौर में हसनपुर करता था।इस पर ही हसनपुर वासियों ने राष्ट्रपिता एक इंच से लेकर चार फीट लंबे और दो फीट ऊंचे फिल्म अभिनय किया है। वह भी आज रामसिंह के दान दे चुके हैं, जो आकाशवाणी के संग्रहालय में संग्रहालय में मौजूद 1400 रेडियो- रामसिंह बौद्ध ऐसे करीब 1400 रेडियो हैं। वे 1976 में उत्तर प्रदेश भंडारण जुलाई 2015 में वरिष्ठ अधीक्षक पद से सेवानिवृत्त हुए।




हैं।कई रेडियो वर्षों पुरानी यादों को ताजा करते हैं। इनके पास दूसरे विश्व युद्ध करती थी। पानी के जहाज में भी ये रेडियो बखूबी स्टेशन पड़ते थे। इतना ही शहर का पहला था। यह हसनपुर निवासी जमीदार विनय गुप्ता के पास हुआ महात्मा गांधी की हत्या की खबर सुनी थी। इतना ही नहीं उनके संग्रहालय में रेडियो शामिल है। अभिनेता अमिताभ बच्चन जिस रेडियो के साथ कुली संग्रहालय में मौजूद है। इतना ही नहीं 137 रेडियो रामसिंह आकाशवाणी को पहचान बने हैं। इनके पास 1920 से 2010 तक के रेडियो का संग्रह है। शख्स हैं, जिन्होंने रेडियो का ही संग्रहालय बना दिया है। इनके संग्रहालय में निगम में बतौर लिपिक पद पर नियुक्त हुए थे। 39 साल की नौकरी के बाद इसके बाद उन्होंने 2016 में उपभोक्ता न्यायालय में सदस्य पद पर नौकरी की। जुलाई 2021 में सेवानिवृत्त हुए। रेडियो और पुराने उपकरण को सहेजकर रखने और लाने के शौक ने उनको गिनीज बुक के विश्व रिकार्ड तक पहुंचा दिया है। रामसिंह को जब ये बात पता ली कि उनका रेडियो संग्रहालय गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ है तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। रामसिंह ने बताया कि उन्हें बृहस्पतिवार को इसका प्रमाणपत्र ई-मेल पर प्राप्त हुआ है। इस बड़ी उपलब्धि के लिए उनके दोस्त, रिश्तेदार और परिचितों ने बधाई दी है। शौक में बन गया विश्व का सबसे बड़ा रेडियो संग्रहालय- रामसिंह का कहना है कि नौकरी के दौरान तैनाती मुरादाबाद, संभल, हापुड़, साहिबाबाद, हल्द्वानी, रामपुर व कासगंज में रही। घूमने, अखबार और किताब पढ़ने का शौक है। भ्रमण के दौरान उनके मन में विचार आया कि लुप्त होते जा रहे उपकरणों को सहेजने के लिए संग्रहालय होना चाहिए। उन्होंने बताया कि अक्सर दिल्ली जाया करते थे, वहां पर बाजार में जहां भी उन्हें अच्छा रेडियो दिखाई देता था, वह उसको खरीद कर ले आते थे। राम सिंह के इस शौक ने गजरौला को विश्व का सबसे रेडियो संग्रहालय बना दिया। अब तक एम प्रकाश के नाम था सबसे ज्यादा रेडियो रखने का रिकॉर्ड- रामसिंह ने बताया कि अपने संग्रहालय में तरह-तरह के 625 रेडियो रखने के लिए 2005 में एम प्रकाश का नाम गिनीज बुक में दर्ज किया गया था। एम प्रकाश के संग्रहालय में और कोई उपकरण नहीं था, जबकि हमारे के तीन कमरों के संग्रहालय में विभिन्न कंपनियों के 1400 रेडियो हैं।

## नदी के घाट पर लगेगा अर्पण कलश, तैयारी में जुटा नगर निगम प्रशासन

### दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए घाटों पर व्यवस्था देखने पहुंचे निगम के अधिकारी, घाटों पर सफाई, प्रकाश व्यवस्था, संपर्क मार्ग की पैच मरम्मत आदि का किया निरीक्षण

मुरादाबाद- दशहरे पर दुर्गा प्रतिमाओं को नदी के घाट पर विसर्जन के लिए व्यवस्था देखने शुक्रवार को अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार अन्य अधिकारियों के साथ रामगंगा नदी के विभिन्न घाटों पर पहुंचे। उन्होंने प्रतिमा विसर्जन के लिए प्रकाश, सफाई, संपर्क मार्गों के गड्ढे भरने व उनकी पैच मरम्मत कराने का निर्देश दिया। वहीं मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस बार घाटों पर स्थायी रुप से अर्पण कलश स्थापित करने की व्यवस्था भी देखी गई। प्रशासन महानगर में व्यवस्था बनाने में जुटा घाटों पर स्थायी रुप से अर्पण कलश की जा रही है। अपर नगर आयुक्त ने बताया दौरान राम बरात, दशहरा व अन्य मेले में लिए जेनरेटर आदि की व्यवस्था कराने के अधिकारियों को निर्देश दिया है। जलनिगम कराने के लिए कहा है। निरीक्षण के दौरान अभियंता भीमराव अशोक, अवर अभियंता हटवाया अवैध खोखे- महानगर में दल के साथ अभियान चलाया। इस क्रम में पर कुछ दुकानदारों व व्यक्तियों के द्वारा सड़क



नवरात्रि व विजय दशमी को देखते हुए नगर निगम है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस बार नगर आयुक्त ने स्थापित कराने का निर्णय लिया है। इसकी तैयारी भी कि नवरात्र में दुर्गा पूजा और रामलीला मंचन के श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रकाश व्यवस्था के लिए नगर निगम के पथ प्रकाश अनुभाग के से समन्वय कर क्षतिग्रस्त सड़कों की तुरंत मरम्मत महाप्रबंधक जलकल दिनेश त्रिपाठी, सहायक किशन लाल आदि मौजूद रहे। पुराने बस स्टैंड से अतिक्रमण हटाने के लिए निगम की टीम ने प्रवर्तन टीम पुराने बस स्टैंड का निरीक्षण करने पहुंची। वहां के दोनों तरह अवैध खोखे रखकर अतिक्रमण किया था। जिससे यातायात में हो रहे अवरोध को देखते हुए टीम ने अतिक्रमण हटवाया। उनका सामान जब्त कर नगर निगम की ट्राली में रखकर स्टोर में जमा करा दिया। टीम ने रेहड़ी पटरी वालों को चेतावनी दी कि यदि भविष्य में ऐसा करते फिर पाया गया तो कड़ी कार्रवाई कर अर्थदंड भी वसूला जाएगा।

## ईरान-इजरायल जंग ने बढ़ाई महानगर के निर्यातकों की चिंता, हमले की वजह से निर्यात कारोबार पर पड़ेगा असर

मुरादाबाद- ईरान की ओर से इजरायल पर किए गए हमले से महानगर के निर्यातक चिंतित हो गए हैं। निर्यातकों को डर लग रहा है कि कही ईरान व इजरायल की लड़ाई में निर्यात कारोबार को नुकसान न हो जाए। जिसके चलते निर्यातक चिंतित हैं। महानगर का पीतल कारोबार पूरी दुनिया में मशहूर है। लेकिन, काफी समय से निर्यात कारोबार पर संकट के बादल छा रहे हैं। पहले रूस-यूक्रेन युद्ध, इस्त्रायल-हमास युद्ध, अमेरिका में आर्थिक मंदी, कच्चे माल में 15 फीसदी की वृद्धि की वजह से पहले की तरफ से इजरायल पर किए गए बड़े हमले ने महानगर दूरगामी नतीजे एक्सपोर्ट के कारोबार के लिए प्रतिकूल लहर दौड़ गई। निर्यातकों का कहना है कि ईरान के खरीदने का रुझान दिखाया गया था। कुछ साल पहले दुबई को ठिकाना बनाकर मुरादाबाद से माल खरीदते की तरफ से बिजनेस मिलने की संभावनाएं कम हो हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कारोबार रूस-यूक्रेन, इजरायल-फलस्तीन के बीच दौर से गुजर रहा है। इजरायल पर ईरान के हमले की



कंटेनरों के रेट में तीन गुना वृद्धि व स्थानीय स्तर पर से ही स्थिति बिगड़ी हुई चल रही थी। इस बीच ईरान के निर्यातकों में खलबली मचा दी है। इस हमले के हो जाने के अंदेशे के साथ निर्यातकों में चिंता की कई खरीदारों की तरफ से काफी महंगे उत्पादों को अमेरिका की पाबंदी लगने के बावजूद ईरान के ग्राहक रहे, लेकिन, अब जंग के हालात से ईरान के खरीदारों गई हैं। जिससे निर्यातक काफी परेशान हैं। मुरादाबाद नवेदउर्रहमान ने बताया कि मुरादाबाद का निर्यात चल रही जंग की वजह से पहले से ही काफी मुश्किल प्रतिक्रिया में जवाबी हमले के अंदेशे ने टेंशन बढ़ा दी है। उन्होंने बताया कि इस जंग का असर आगामी 16 अक्टूबर से शुरू हो रहे ऑटम फेयर के कारोबार पर पड़ सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### यति नरसिंहानंद की हो गिरफ्तारी: मुरादाबाद में सड़कों पर उतरे मुस्लिम समुदाय के लोग, जमकर किया हंगामा

मुरादाबाद- यति नरसिंहानंद सरस्वती द्वारा पैगंबर मोहम्मद साहब को लेकर दिए गए विवादित बयान पर मुस्लिम समुदाय के लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। कटघर कोतवाली इलाके में मुरादाबाद-आगरा स्टेट हाईवे पर मुस्लिम समुदाय के



सैकडों लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया और जमकर हंगामा किया। साथ ही यति नरसिंहानंद की गिरफ्तारी की मांग की।  प्रदर्शन की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बूझकर शांत किया। उन्हें बताया कि यति नरसिंहानंद सरस्वती पर गाजियाबाद के वेव सिटी थाने में और महाराष्ट्र के मुंबई के मुंब्रा थाने में एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं।  पुलिस जांच कर रही है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रदर्शन करने वाले मुस्लिम समुदाय के लोगों को यह भी समझाया गया कि गाजियाबाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एक हफ्ते में सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है, जिसके बाद मुस्लिम समुदाय के लोग वापस लौट गए। आपको बता दें कि गाजियाबाद के डासना मंदिर के महंत  यति नरसिंहानंद सरस्वती फिर अपने विवादित बयान को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने रावण और उसके भाइयों की तारीफ करते हुए उन्होंने पैगंबर मोहम्मद साहब और कुरान को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। यह बयान 29 सितंबर को आयोजित एक कार्यक्रम में दिया गया था।

### रेलवे स्टेशन पर रात में क्लर्क ने युवती से की छेड़खानी, नशे में था आरोपी... जीआरपी ने नहीं की कार्रवाई

मुरादाबाद- रामपुर रेलवे स्टेशन के वेटिंग हॉल में ट्रेन का इंतजार कर रही गुजरात की युवती से एक बुकिंग क्लर्क ने नशे की हालत में छेड़खानी की। युवती की शिकायत पर जीआरपी क्लर्क को थाने में ले गई। युवती को ट्रेन से गंतव्य को रवाना कर दिया गया। घटना पर अधिकारी टिप्पणी करने से बच रहे हैं। रामपुर में देर रात ट्रेन का इंतजार कर रही गुजरात की युवती से रेलवे स्टेशन के वेटिंग हॉल में एक बुकिंग क्लर्क ने छेड़खानी कर दी। मौके पर पहुंची जीआरपी की टीम दोनों को थाने ले आई। युवती की तरफ से दिए शिकायती पत्र के आधार पर रेलवे कर्मी का चालान कर युवती को सुबह ट्रेन में सकुशल बैठा दिया गया।क्लर्क को रातभर थाने में बैठाने के बाद छोड़ दिया गया। घटना के संबंध में अधिकारी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। गुजरात के भुज की रहने वाली एक युवती ट्रेन से हरियाणा अपने परिवार से मिलने आई थी। बृहस्पतिवार को गुजरात जाने के लिए वह आला हजरत ट्रेन में बैठ गई, लेकिन जब ट्रेन रामपुर स्टेशन की ओर आने लगी तो उसको पता चला कि वह बरेली जाने वाली आला हजरत ट्रेन में बैठ गई है।वह रात करीब 10 बजे रामपुर में उतर गई और गुजरात जाने वाली ट्रेन का वेटिंग रूम में इंतजार  करने लगी। इस दौरान स्टेशन पर एक बुकिंग क्लर्क नशे में धुत होकर वेटिंग रूम में पहुंच गया। युवती का आरोप है कि बुकिंग क्लर्क ने उसके साथ छेड़खानी की। वह काफी डर गई और फिर उसने पुलिस का नंबर डायल कर दिया। जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने जीआरपी को फोन कर मौके पर भेज दिया। जीआरपी युवती और बुकिंग क्लर्क दोनों को थाने ले आई। पूछताछ के बाद शिकायती पत्र के आधार पर जीआरपी ने बुकिंग क्लर्क का धारा 34 के तहत चालान कर उसको बैठा लिया। जबकि सुबह युवती को सकुशल गुजरात जाने वाली ट्रेन में बैठाकर रवाना कर दिया। रेलवे करता रहा टालमटोल - युवती से छेड़खानी के मामले को दिनभर रेलवे प्रशासन छिपाने की कोशिशें करता रहा। जब इसके बारे में पूछताछ की गई तो स्टेशन अधीक्षक आजम खां कुछ भी बोलने से बचते नजर आए। बताया गया है कि रेलवे के मुरादाबाद और बरेली के प्रशासनिक अधिकारियों तक इसकी जानकारी अभी नहीं पहुंची है। वहीं रेलवे प्रशासन की तरफ से अभी बुकिंग क्लर्क पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। युवती की शिकायत पर जीआरपी महिला और हमारी टीम वेटिंग रूम में गई थी और वहां से दोनों को थाने लेकर आए थे।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# सरकार का 180 दिन में रकम वापस करने का वादा फेल दिया ज्ञापन

क्यूँ न लिखूँ सच -रजनीश श्रीवास्तव

बरेली. ठगी पीड़ित परिवार संगठन ने जिलाधिकारी बरेली महोदय के द्वारा प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है संगठन का कहना है कि भारत सरकार द्वारा सरकार ने जमा करता परिवार को कंपनी



में डूब चुकी रकम को 180 दिन में वापस करने का वादा किया था जिसके लिए buds एक्ट 2019 अधिनियम को बनाया गया तीर्थ का कहना है कि लगभग 2 साल बीत जाने के बाद भी अभी तक भुगतान नहीं हुआ है जबकि फार्म जमा होने के बाद 180 दिनों में पैसा वापस करने के लिए अधिनियम बनाया गया था जनपद बरेली में 30 जनवरी 2023 से 8 मार्च 2023 तक ठगी पीड़ित जमा करता परिवार हेतु में निवेशकों का आवेदन पत्र जमा कराया गया था जो अभी तक पोर्टल पर फीड नहीं किया गया और ना ही निवेशकों के हित के लिए जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में पद पट्टी का लगाई गई जो Buds एक्ट 2019 के तहत नोटिस ना जारी करना एक अवहेलना ब कानून का उल्लंघन है बरेली उत्तर प्रदेश के सचिव अधिकारी द्वारा शिकायतें निवेदन व क्रियान्वित कर प्रत्येक ठग पीड़ित जमा करता निवेशकों को शीघ्र भुगतान करवाने की कृपा करें राजेश कुमार श्रीवास्तव जिला प्रभारी ठगी पीड़ित संगठन के साथ भारी मात्रा में लोग विज्ञापन देने पहुंचे

# दौड़ लगाते समय अज्ञात वाहन ने तीन किशोरों को कुचला, एक की मौत

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद। जिले के फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के कानपुर मार्ग पर स्थित पाल गेस्ट हाउस के पास शुक्रवार सुबह एक भीषण हादसा हो गया, जिसमें तीन किशोरों को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। हादसे में एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त



जानकारी के अनुसार, हर्ष ( 14 वर्ष ), केशव ( 14 वर्ष ), और रजत ( 15 वर्ष ) रोजाना की तरह सुबह की दौड़ के लिए निकले थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और तीनों घायल किशोरों को जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने 14 वर्षीय हर्ष को मृत घोषित कर दिया, जबकि केशव और रजत की हालत नाजुक बनी हुई है। दोनों घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। हर्ष की मौत की खबर सुनते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, अन्य घायल किशोरों के परिवारजन भी अस्पताल पहुंच चुके हैं और अपने बच्चों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में भी भारी आक्रोश है। लोगों ने प्रशासन से घटना की त्वरित जांच की मांग की है और अज्ञात वाहन चालक को जल्द गिरफ्तार करने की अपील की है। इस हादसे के बाद इलाके में मातम का माहौल बना हुआ है। फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि हादसे के बाद अज्ञात वाहन फरार हो गया था, जिसकी तलाश की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज और चश्मदीदों के बयान के आधार पर वाहन चालक की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि दोषी को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। यह हादसा एक बार फिर सड़क सुरक्षा और जागरूकता की कमी की ओर इशारा करता है। प्रशासन से यह उम्मीद की जा रही है कि वह इस मामले में कठोर कार्रवाई करेगा और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उचित कदम उठाएगा।

# ईरानी राजदूत बोले- भारत ग्लोबल साउथ की आवाज, तनाव कम करने में सक्रिय भूमिका निभा सकता है

मुरादाबाद -भारत में ईरान के राजदूत इलाही ने तनाव कम करने के लिए दूसरे देशों से संपर्क साधने के सवाल पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि रूस और चीन के साथ तो ईरान सीधे संपर्क में है, लेकिन भारत के साथ नहीं। इस्त्राइल और हिजबुल्ला के बीच शुरू हुए संघर्ष में ईरान भी शामिल हो




गया है। इससे पश्चिम एशिया में तनाव चरम सीमा पर पहुंच गया है और इसके व्यापक युद्ध में बदलने का खतरा पैदा हो गया है। ईरान के राजदूत इराज इलाही का कहना है कि एक बड़ी ताकत और ग्लोबल साउथ की आवाज होने के नाते भारत तनाव को कम करने में सक्रिय भूमिका निभा सकता है।भारत में ईरान के राजदूत इलाही ने तनाव कम करने के लिए दूसरे देशों से संपर्क साधने के सवाल पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि रूस और चीन के साथ तो ईरान सीधे संपर्क में है, लेकिन भारत के साथ नहीं। लेकिन उन्होंने कहा कि ईरान ने भारत के साथ-साथ प्रभाव रखने वाले अन्य देशों को भी आमंत्रित किया है कि वह अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए इस्त्राइल से तनाव कम करने के लिए कहें।इलाही ने कहा कि हम मानते हैं कि क्षेत्र को शांति और स्थिरता की आवश्यकता है। हम, ईरान के रूप में, एक शक्तिशाली देश के बजाय एक शक्तिशाली क्षेत्र चाहते हैं। किसी देश के विकास के लिए शांति और स्थिरता पूर्व शर्त है। लेकिन फलस्तीन में जो हो रहा है उसके प्रति हम उदासीन नहीं रह सकते। फलस्तीन में चल रहा रक्तपात एक ऐसी चीज है जिसकी हम अनदेखी या उपेक्षा नहीं कर सकते।ईरान और इस्त्राइल की तरफ से हालिया सैन्य कार्रवाइयों पर उन्होंने कहा कि इस्त्राइल के सैन्य और खुफिया ठिकानों पर मिसाइल हमला करने के पीछे हमारी मंशा इस्त्राइल को स्पष्ट संदेश देना था। हमारे सर्वोच्च सैन्य कमांडर ने स्पष्ट रूप से यह बता दिया है कि ईरानी हितों और बुनियादी ढांचे पर किसी भी हमले का करारा जवाब दिया जाएगा।

# सुबह टहलने गए छात्र की सड़क हादसे में मौत, दो साथी घायल

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के नगला पजाबा निवासी 14 वर्षीय हर्ष, पुत्र राजकुमार, की आज सुबह दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। हर्ष, जो गांव के सरकारी स्कूल में कक्षा 7 का छात्र था, अपने दो दोस्तों के साथ सुबह टहलने निकला था जब कानपुर रोड पर एक तेज रफ्तार अज्ञात




वाहन ने तीनों को टक्कर मार दी। हर्ष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके दोस्त राजन पुत्र नीरज और रजत पुत्र राम वृक्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद वाहन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। हादसे की जानकारी ग्रामीणों ने तुरंत हर्ष के परिवार को दी। घायलों को इलाज के लिए लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। हर्ष अपने परिवार में सबसे बड़ा था। उसके पिता राजकुमार फेरी लगाकर सब्जी बेचते हैं, जबकि मां सविता गृहिणी हैं। हर्ष के छोटे भाई-बहन नेहाल, कुशल, और निहारिका हैं। हर्ष पिछले एक महीने से अपने पड़ोसी दोस्तों राजन और रजत के साथ सुबह टहलने जाता था। हादसा सुबह करीब 5 बजे हुआ जब तीनों दोस्त कानपुर रोड पर डॉक्टर भारत गौड़ के मकान के पास से गुजर रहे थे। कानपुर की दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मारी और मौके से फरार हो गया। प्रशासन की प्रतिक्रियाः स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। फरार वाहन और उसके चालक की तलाश की जा रही है। ग्रामीणों में इस हादसे के बाद आक्रोश है और वे प्रशासन से जल्द न्याय की मांग कर रहे हैं। यह घटना इलाके में सड़क सुरक्षा और तेज गति वाहनों के खतरे की ओर ध्यान आकर्षित करती है।

# मुरादाबाद सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के निदेशक मण्डल की छठवीं बैठक कमिश्नरी सभागार में सम्पन्न हुई

मुरादाबाद - मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मुरादाबाद सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के निदेशक मण्डल की छठवीं बैठक कमिश्नरी सभागार में सम्पन्न हुई। मण्डलायुक्त ने नगर निगम, मुरादाबाद द्वारा संचालित ई-बसों में नियमित रूप से सफर करने वाले यात्रियों के



लिए एम.एस.टी. सुविधा प्रदान किए जाने के निर्देश दिए। नगरीय बसों के मुख्य पिकिंग प्वाइंट की 100 मीटर की परिधि में ऑटो/ई-रिकशा प्रतिबन्धित किए जाने के सम्बन्ध एस.पी. ट्रैफिक व आर.टी.ओ. ( प्रशासन ) को संयुक्त रूप से प्लान तैयार किए जाने के भी निर्देश दिए। बैठक में नगरीय बसों के मार्ग को विस्तारित करने के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। इसके साथ ही मुरादाबाद से डिलारी वाया भोजपुर, मुरादाबाद से टांडा वाया सिरसवा दोराहा, कुन्दरकी से पाकबडा वाया डींगरपुर, पाकबडा से शेरुआ चैराहा वाया हकीमपुर पर नगरीय बसों के मार्ग को विस्तारित करने के संबंध में भी चर्चा की गई। बैठक में एसपीवी में आबद्ध आउटसोर्सिंग कर्मियों के अनुमोदन के संबंध में चर्चा की गयी। इसके साथ ही एसपीवी में इलेक्ट्रिक बसों की चार्जिंग हेतु अपॉर्चुनिटी चार्जर लगाये जाने हेतु उपर्युक्त भूमि के चयन कर उपलब्ध कराने संबंधी चर्चा की गयी, जिस पर मण्डलायुक्त ने संबंधित अधिकारी को यथोचित कार्यवाही अमल में लाने के निदेश दिए। बैठक में एमडीए सचिव श्रीमंती अंजुलता, एसपी टैऊफिक श्री सुभाष चन्द गंगवार, अपर नगर आयुक्त श्री अतुल कुमार, आरटीओ प्रशासन श्री राजेश सिंह, आरएम रोडवेज, एआरएम वित्त सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित।


प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991


## संक्षिप्त समाचार

### शांति भंग में चार व्यक्तियों का नदीगांव पुलिस ने किया चालान

क्यूँ न लिखूँ सच

